Vol 6Issue 4 May 2016

ISSN No : 2230-7850

International Multidisciplinary Research Journal

# *Indian Streams Research Journal*

Executive Editor
Ashok Yakkaldevi

Editor-in-Chief
H.N.Jagtap

## Welcome to ISRJ

**RNI MAHMUL/2011/38595** **ISSN No.2230-7850**


Indian Streams Research Journal is a multidisciplinary research journal, published monthly in English, Hindi & Marathi Language. All research papers submitted to the journal will be double - blind peer reviewed referred by members of the editorial board.Readers will include investigator in universities, research institutes government and industry with research interest in the general subjects.


## Regional Editor

Manichander Thammishetty
Ph.d Research Scholar, Faculty of Education IASE, Osmania University, Hyderabad.

Mr. Dikonda Govardhan Krushanahari
Professor and Researcher ,
Rayat shikshan sanstha's, Rajarshi Chhatrapati Shahu College, Kolhapur.

## *International Advisory Board*

Kamani Perera
Regional Center For Strategic Studies, Sri Lanka

Janaki Sinnasamy
Librarian, University of Malaya

Romona Mihaila
Spiru Haret University, Romania

Delia Serbescu
Spiru Haret University, Bucharest, Romania

Anurag Misra
DBS College, Kanpur

Titus PopPhD, Partium Christian University, Oradea,Romania

Mohammad Hailat
Dept. of Mathematical Sciences, University of South Carolina Aiken

Abdullah Sabbagh
Engineering Studies, Sydney

Ecaterina Patrascu
Spiru Haret University, Bucharest

Loredana Bosca
Spiru Haret University, Romania

Fabricio Moraes de Almeida
Federal University of Rondonia, Brazil

George - Calin SERITAN
Faculty of Philosophy and Socio-Political Sciences Al. I. Cuza University, Iasi

Hasan Baktir
English Language and Literature Department, Kayseri

Ghayoor Abbas Chotana
Dept of Chemistry, Lahore University of Management Sciences[PK]

Anna Maria Constantinovici
AL. I. Cuza University, Romania

Ilie Pintea,
Spiru Haret University, Romania

Xiaohua Yang
PhD, USA

......More

## *Editorial Board*

Pratap Vyamktrao Naikwade
ASP College Devrukh,Ratnagiri,MS India

R. R. Patil
Head Geology Department Solapur University,Solapur

Rama Bhosale
Prin. and Jt. Director Higher Education, Panvel

Salve R. N.
Department of Sociology, Shivaji University,Kolhapur

Govind P. Shinde
Bharati Vidyapeeth School of Distance Education Center, Navi Mumbai

Chakane Sanjay Dnyaneshwar
Arts, Science & Commerce College, Indapur, Pune

Awadhesh Kumar Shirotriya
Secretary,Play India Play,Meerut(U.P.)

Iresh Swami
Ex - VC. Solapur University, Solapur

N.S. Dhaygude
Ex. Prin. Dayanand College, Solapur

Narendra Kadu
Jt. Director Higher Education, Pune

K. M. Bhandarkar
Praful Patel College of Education, Gondia

Sonal Singh
Vikram University, Ujjain

G. P. Patankar
S. D. M. Degree College, Honavar, Karnataka

Maj. S. Bakhtiar Choudhary
Director,Hyderabad AP India.

S.Parvathi Devi
Ph.D.-University of Allahabad

Sonal Singh,
Vikram University, Ujjain

Rajendra Shendge
Director, B.C.U.D. Solapur University, Solapur

R. R. Yalikar
Director Managment Institute, Solapur

Umesh Rajderkar
Head Humanities & Social Science YCMOU,Nashik

S. R. Pandya
Head Education Dept. Mumbai University, Mumbai

Alka Darshan Shrivastava
Shaskiya Snatkottar Mahavidyalaya, Dhar

Rahul Shriram Sudke
Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore

S.KANNAN
Annamalai University,TN

Satish Kumar Kalhotra
Maulana Azad National Urdu University



**Address:-Ashok Yakkaldevi 258/34, Raviwar Peth, Solapur - 413 005 Maharashtra, India**
**Cell : 9595 359 435, Ph No: 02172372010 Email: ayisrj@yahoo.in Website: www.isrj.org**

ISSN: 2230-7850 Impact Factor : 4.1625(UIF) Volume - 6 | Issue - 4 | May - 2016

Indian Streams Research Journal





# इन्दौर महानगर में आवासीय टाउनशिप का विकास : एक भौगोलिक अध्ययन

संत लाल डेहरिया
रिसर्च एसोसिएटः म.प्र. सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान 6,
भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र उज्जैन (मध्यप्रदेश)

***शोध सारांश :–***

प्रस्तुत शोध पत्र इन्दौर महानगर में आवासीय टाउनशिप का विकास : एक भौगोलिक अध्ययन से सम्बन्धित है। इसमें इन्दौर महानगर के आवासीय टाउनशिप क्षेत्र का भौगोलिक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है, किसी भी महानगर में नियोजित आवासीय क्षेत्र की हिस्सेदारी अन्य कार्यों की अपेक्षा अधिक होती है। इन्दौर मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा महानगर है। अतः इसके आवासीय टाउनशिप क्षेत्र का अध्ययन इस सन्दर्भ में ओर भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रस्तुत शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य इन्दौर महानगर का आवासीय टाउनशिप परिदृश्य का भौगोलिक विश्लेषण प्रस्तुत करना तथा साथ ही साथ महानगर का आवासीय टाउनशिप का भविष्य का ऑकलन प्रस्तुत करना है। इन्दौर महानगर का आवासीय क्षेत्र का अध्ययन मुख्य रूप से प्राथमिक आँकड़ों तथा साथ ही साथ अवलोकन पर आधारित है। अध्ययन के लिए इन्दौर महानगर की आवासीय टाउनशिपों को चुना गया है क्योंकि यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा महानगर है जिसमें आवासीय टाउनशिप का निर्माण हो रहा है। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार इन्दौर महानगर की 21,67,447 जनसंख्या है। इन्दौर महानगर में कार्यात्मक रूप से आवासीय क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र, वाणिज्यिक क्षेत्र, शैक्षणिक क्षेत्र, प्रशासकीय क्षेत्र और विविध क्षेत्रों में विभक्त है जिसमें से सिर्फ आवासीय टाउनशिप क्षेत्र का अध्ययन किया गया है। निष्कर्षतः यह पाया गया है कि इन्दौर महानगर का आवासीय टाउनशिप क्षेत्र में तीव्र गति से परिवर्तन हो रहा है जो स्थानान्तरित परिवार की आवश्यकता है।

***की नोट :–*** महानगर का आवासीय क्षेत्र में परिवर्तन, आवासीय टाउनशिप।

### *1.0 टाउनशिप के विकास की संकल्पना :–*

महानगर में सुन्दर परिदृश्य की आवासीय टाउनशिप निश्चित रूप से अपनी भव्यता में विस्मय प्रेरणादायक जीवन होता है, भव्य एवं सुन्दर प्रवेश द्वार, प्रवेश द्वार में सुरक्षा गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा, टाउनशिप के आसपास बाऊडरी वाल से सुरक्षा, उत्कृष्ट स्थान, सुन्दर परिदृश्य और गार्डन, शॉपिंग मॉल और मल्टी प्लेक्स, खेल के मैदान, स्वास्थ्य केन्द्र और स्विमिंग पूल के साथ क्लब हाउस, शैक्षिक और चिकित्सा सुविधाएँ, अतिशयोक्ति डिजाइन, विश्व स्तर की सुविधाओं और आधुनिक बुनियादी सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक आवासीय टाउनशिप का निर्माण इन्दौर महानगर में हुआ है। यहाँ मानव को व्यापक सुविधाओं के साथ–साथ स्वतन्त्र जीवन शैली मिलती है। टाउनशिप को समकालीन ढांचागत सुविधाओं के साथ–साथ सबसे अच्छा विकास किया जा रहा है। यहाँ उच्च गुणवत्ता की सड़कें, भूमिगत ऑप्टिकल फाइबर केबल, केबल बिछाने के लिए नलिकाओं का प्रयोग किया गया है। ठोस कचरा का प्रबंधन भी किया जाता है। टाउनशिप इन्दौर महानगर में सही मायने में देदीप्यमान जीवन शैली प्रस्तुत करता है। यहाँ ज्यादा आराम से रहने वाले पैटर्न, उपयुक्तता का सबसे अच्छा जो इच्छानुसार रहने के लिए, आरामदायक जगह होती है। विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाओं आवासीय नागरिकों कों प्रदान की जा रही है। खुला एवं हरा–भरा वातावरण प्रदान किया जा रहा है। क्लब हाउस में, मेहमानों के लिए मनोरंजन और भव्य भोज सुविधाओं, और पार्टी क्षेत्रों में सभी परिवार मिल–जुल कर जश्न मनाते है। क्लब हाउस में खेल, मनोरंजन आदि के बहुत अवसर होते है। स्वास्थ्य को

सर्वोत्तम रखने के लिए, बैडमिंटन और अन्य इनडोर खेल की सुविधा होती है।

### 2.0 इन्दौर महानगर में आवासीय टाउनशिपों की बसाव स्थिति एवं बसाव स्थान :–

इन्दौर महानगर में नयी विकसित आवासीय टाउनशिप का निर्माण कार्य लगभग सन् 2000 के बाद से प्रारंभ हुआ है जो अभी भी सतत् रूप से चल रहा है जो निम्नलिखित है।

*तालिका क्रमांक 1.0*
*इन्दौर महानगर की आवासीय टाउनशिप*

| क्रमांक | टाउनशिप का नाम | स्थान / स्थिति |
|---|---|---|
| 1 | काउंटी वॉक टाउनशिप | ए.बी. बाईपास रोड़ इन्दौर |
| **2** | **सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप *** | **ए.बी. बाईपास रोड़ इन्दौर** |
| 3 | सहारा सिटी होम्स | ए.बी. बाईपास रोड़ इन्दौर |
| 4 | ओमेक्स हिल्स | ए.बी. बाईपास रोड़ इन्दौर |
| 5 | पूमार्थ मीडोज | ए.बी. बाईपास रोड़ इन्दौर |
| 6 | सैटेलाइट हिल | ए.बी. बाईपास रोड़ इन्दौर |
| 7 | माउंट बर्ग | ए.बी. बाईपास रोड़ इन्दौर |
| 8 | डी.एल.एफ. टाउनशिप | ए.बी. बाईपास रोड़ इन्दौर |
| 9 | अंसल टाउन | ए.बी. रोड़ इन्दौर |
| **10** | **सिलीकॉन सिटी *** | **ए.बी. रोड़ इन्दौर** |
| 11 | साकार एन.आर.आई सिटी | ए.बी. बाईपास रोड़ इन्दौर |
| 12 | गोल्फ ग्रीन टाउनशिप | ए.बी. बाईपास रोड़ इन्दौर |
| 13 | सिंगापुर टाउनशिप | मांगलिया इन्दौर |
| 14 | शालीमार टाउनशिप | ए.बी. रोड़ इन्दौर |
| **15** | **आपोलो डी.बी. सिटी *** | **नेपानिया इन्दौर** |
| 16 | अवासा लग्जरी | ए.बी. रोड़ इन्दौर |
| 17 | सुपर सिटी | मांगलिया इन्दौर |
| 18 | मालवा हाइट्स | ए.बी. रोड़ इन्दौर |

स्रोतः प्राथमिक समंको के आधार पर (सर्वेक्षण 2013)। ’सर्वेक्षित आवासीय टाउनशिप।

### 3.0 सर्वेक्षित आवासीय टाउनशिपों का परिचय :–

सर्वेक्षित आवासीय टाउनशिपों का परिचय निम्नलिखित है–

#### 3.1. सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप :–

इस टाउनशिप का नाम सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप है, टाउनशिप में आवासीय परिवारों की संख्या लगभग 400 है और यहाँ की जनसंख्या लगभग 1300 है। सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप 22°39′ उत्तरी अक्षांश से 75°54′ पूर्वी देशान्तर के बीच स्थित है। टाउनशिप का भौगोलिक क्षेत्रफल 64 एकड़ में फैला हुआ है। इसके उत्तर में समता नगर दक्षिण में रालामण्डल और पश्चिम में लिमोदी, पूर्व में ए.बी. बाईपास से लगा हुआ है टाउनशिप का निर्माण कार्य 2007 में प्रारम्भ हुआ जो अभी भी सतत् रूप से चल रहा है अभी यहां होटल, वाणिज्यिक भवन, मॉल एवं हॉस्पिटल का निर्माण शेष है। यहाँ आवासीय मकानों की संख्या 627 है और खाली आवासीय भवनों की संख्या 227 है।

यह टाउनशिप विश्व स्तरीय आवासीय सुविधा प्रदान करती है जिसके कारण यहाँ इन्दौर महानगर के स्थानीय लोगों की अपेक्षा बाहर से प्रवास करने वाले व्यक्ति यहाँ अधिक निवास करते हैं। यह टाउनशिप एकीकृत है इसीलिए यहाँ रहवासियों के आने और रहने के लिए स्वतन्त्र चयन प्रक्रिया है विश्वस्तरीय उच्च सुविधाओं के साथ जीवन स्तर को आगे चलाने के इच्छुक व्यक्ति यहाँ निवास कर सकते हैं यहाँ कोई जाति बंधन नहीं है अतः उच्च, मध्यम वर्ग के अलग–अलग मूल्यों पर आवासीय भवन उपलब्ध हैं। यहाँ लगभग सभी आवासीय भवनों का निर्माण वास्तुकला के आधार पर विकसित किया गया है।

उत्तर–आधुनिक काल में भारत में उच्च स्तरीय आवासीय मांग के अनुरूप महानगरों में उच्चस्तरीय समाज के लिए इन्दौर महानगर के विकास के साथ–साथ बैग्लौर, मुम्बई एवं दिल्ली, कलकत्ता, चैन्नई, पुणे से स्थानान्तरित हुये परिवारों के लिए उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखकर इस टाउनशिप का निर्माण किया गया है। सर्वप्रथम इस प्रकार की आवासीय टाउनशिप का विकास मुम्बई एवं बंगलौर में

हुआ था जो पूरे विश्व का परिवार इन महानगरों में आकर निवास करने लगा। शांति, सुरक्षा, हरा–भरा क्षेत्र, खुला क्षेत्र, घुमने खेलने के लिए एक एकीकृत सुरक्षित जगह की आवश्यकता के आधार पर नगर के बाहरी सीमा पर नव निर्मित आवासीय टाउनशिप का विकास हो रहा है। वह ऐसी आवासीय टाउनशिप में रहना पंसद कर रहा है।

सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप का क्षेत्र ए.बी. वाईपास रोड़ के पास है। टाउनशिप से इन्दौर शहर के लिए आवागमन के लिए टाउनशिप की बस चलती है और स्वयं के वाहनों द्वारा भी आवागमन किया जा सकता हैं। टाउनशिप के अन्दर बहुत बड़ा बाजार तो उपलब्ध तो नहीं है लेकिन किराना शॉप, दवाईयाँ एवं अनिवार्य आवश्यकता की वस्तुएँ सरलता से उपलब्ध हो जाती है।

सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप ए.बी. बाईपास रोड पर निर्मित है। यहां का धरातल प्रायः समतल है। उत्तर–पश्चिम की ओर दो पहड़ियां हैं। टाउनशिप के आस–पास विशेष जल संरचनाएं नहीं है। टाउनशिप के मध्य में एक नाला हैं जो पूर्व से पश्चिम की ओर प्रवाहित होता है। टाउनशिप के पास में एक निमोदी तालाब है जो गर्मी के समय सूख जाता है। टाउनशिप में गार्डन एवं खुली जगह लगभग 50 प्रतिशत क्षेत्र में है। आवासीय भवनों के सामने आस–पास खुली जगह एवं हरा–भरा वतावरण है, जिसकी रेख–देख टाउनशिप के रहवासियों के द्वारा प्राप्त राशि से टाउनशिप द्वारा कराई जाती है। भू–जल स्तर की दृष्टि से 200 फीट तक जल पर्याप्त रूप से उपलब्ध हो जाता है लेकिन गर्मी के समय यह 250 से 300 के आस–पास रहता है। वर्तमान समय में टाउनशिप के आस–पास पर्याप्त जगह होने एवं आस–पास किसी औद्योगिक इकाई के अभाव के कारण प्रदूषण की कोई समस्या नहीं है और टाउनशिप के अन्दर पर्याप्त साफ–सफाई है।

*सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में निम्न पाँच प्रकार की आवासीय संरचना है :–*

1.विला रूवी (Villa Ruby)
2.विला पेयरल (Villa Pearl)
3.टेरिरस कॉटेज (Terrace Cottage)
4.रो–हाउस / टाउन हाउस (Row-Hows/Town Hows) एवं
5.मिड रिस (Mid Riss) मुख्य रूप से है।

***1. विला रूवी (Villa Ruby) :–*** विला रूवी का प्लाट एरिया 4500 (Sq.ft) है, जिसका मूल्य रू. 1.51 करोड़ है। यह दो मंजिला आवासीय भवन है जिसके ग्राउन्ड फ्लोर पर दो बेड रूम, एक किचन, एक ड्राईग रूम, एक फार्मल ड्राईग रूम, स्टोर रूम, उपयोगिता कक्ष, और एक नौकर का रूम होता है। पहली मंजिल पर एक मास्टर बेड रूम है और साथ में दो बेड रूम है, इस प्रकार कुल पाँच बेड रूम है। पूरे परिवार के लिए एक बैठक रूम है। एक पढ़ाई के लिए रूम है। एक पूजा का कक्ष है और आस–पास खुला हरयाली युक्त गार्डन है जिसमें अच्छे–अच्छे फूल, पेड़–पौधे लगे है विला रूवी में दो कार पार्किंग की व्यवस्था है। बाउन्डरी बाल है। व्यक्तिगत सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था है। सी.सी.टी.वी. कैमरे लगे है।

***2. विला पेयरल (Villa Pearl) :–*** विला पेयरल इसका प्लाट एरिया 2700 (Sq.ft) है, जिसका मूल्य रू. 85 लाख है। यह दो मंजिला आवासीय भवन है। जिसमें ग्राउन्ड फ्लोर पर एक बेड रूम, एक हाल, एक किचन, एक नौकर के लिए रूम और पोर्च में दो गाड़िया पार्क करने की जगह है। आस–पास खुली जगह एवं गार्डन है जिसमें हरे–भरे पैड़–पौधे है। इसके अतिरिक्त बाउन्डरी बाल है। व्यक्तिगत सुरक्षा गार्ड है। सीसीटीवी कैमरे लगे है और प्रथम फ्लोर पर दो बेड रूम, घूमने के लिए एक टेरेस है। एक पूजा कक्ष है। परिवार के लिए एक बैठक रूम है और दूसरी मंजिल पर एक बेड रूम है। एक अध्ययन कक्ष है और घूमने के लिए खाली छत होती है। विला पेयरल में कुल चार बेड रूम होते हैं।

***3. टेरिस कॉटेज (Terrace Cottage) :–*** यह भवन 3 BHK – 4 BHK होते हैं, जिसका मूल्य रू. 41 लाख है। इसके ग्राउन्ड फ्लोर पर तीन बेड रूम, एक ड्राईग रूम, एक नौकर के लिए रूम है और आस–पास खुली जगह एवं हरियाली भरा गार्डन है। आस–पास बाउन्डरी बाल है। वहां पर एक व्यक्तिगत सुरक्षा गार्ड है और प्रथम मंजिल में दो बेड रूम, एक किचन और एक ड्राईग रूम है और घूमने और बाहर बैठने, टहलने खाली छत है दूसरी मंजिल पर एक बेड रूम, एक मास्टर बेड रूम है। और एक लिविंग रूम है शेष पूरी छत खाली है जिसका घूमने, बैठने आदि का उपयोग किया जा सकता है।

***4. रो–हाउस / टाउन हाउस (Row-Hows/Town Hows) :–*** रो–हाउस / टाउन हाउस का प्लाट ऐरिया 1635 (Sq.ft) है, जिसका मूल्य रू. 71 लाख है। यह दो मंजिला आवासीय भवन है। इसमें ग्राउन्ड फ्लोर में दो कार पार्क, एक बेड रूम और एक हाल, किचन है। प्रथम मंजिल पर दो बेड रूम हैं। एक हाल, बालकानी है। छत की पूरी जगह खाली है। इन भवनों में आगे–पीछे खाली जगह है। आस–पास मकान सटे हुए, एक समान आकार के है। सामने वाले भाग में छोटा गार्डन है।

***5. मिड रिस (Mid Riss) :–*** मिड रिस भवन में 2 BHK, – 3 BHK, आवासीय फ्लैट हैं जिसकी कीमत रू. 38 से 50 लाख है। यह बहुमंजिला भवन है जो अलग–अलग है 2 BHK आवासीय फ्लैट में दो बेड रूम, एक हाल और एक किचन है। जबकि 3 BHK, आवासीय फ्लैट में तीन बेड रूम, एक हाल एवं एक किचन है। इस आवासीय भवन में ऊपर जाने के लिए सीड़ियां और लिप्ट है। इन भवनों के आगे खुला गार्डन है जिसमे छोटे–छोटे वृक्ष लगे है। इन भवनों गाड़ियों की पार्किंग भवन के नीचे की जाती है।

सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में मकानों की बसाहट नियोजित एवं व्यवस्थित है। आधे से अधिक जगह को खुला हुआ रखा गया है जिसमें गार्डन खुली जगह पर्याप्त है। सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में एक क्लब हाउस है जिसमें गेस्ट हाउस की व्यवस्था है।

*टाउनशिप की विशेषताएँ निम्नलिखित है –*

***1. हरियाली :–*** सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में 50 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र पर हरियाली से ढ़का हुआ है।

***2. आन्तरिक सड़क*** :– सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में आन्तरिक मुख्य सड़क 60 फीट चौड़ी है और 40 फीट चौड़ी हैं।
***3. पानी*** :– सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में पानी के लिए बोरिंग है अतः जल की किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। तृतीय चरण में नर्मदा के पानी आने की संभावना भी है।
***4. शुद्ध वायु*** :– सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप के आस–पास कोई औद्योगिक केन्द्र नहीं होने के कारण यहाँ की वायु शुद्ध है। पूरे टाउनशिप के आस–पास का क्षेत्र खुला होने के कारण यहाँ प्रदूषण की समस्या नहीं है।
***5. सुरक्षा*** :– सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। मेन गेट पर सुरक्षा गार्ड है। टाउनशिप के आस–पास सात फीट ऊँची बाउन्डरी बाल है। टाउनशिप के अन्दर जाने के लिए केवल दो गेट हैं जिसमें से एक को बंद कर दिया गया है।
***6. संचार*** :– सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में संचार सेवाएं सभी कम्पनियों की है लेकिन एयरटेल की ब्राडवेन्ड सेवा सम्पूर्ण टाउनशिप एरिया में उपलब्ध है। यहाँ एयरटेल का टावर भी है।
***7. पार्किंग*** :– सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में पार्किंग की अच्छी व्यवस्था है। आवासीय भवनों के अन्दर एवं बाहर गाडियों की पार्किंग की जाती है। मल्टी स्टोरी आवासीय भवनों में मल्टी के नीचे पार्किंग की जाती है।
***8. बिजली*** :– सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में बिजली की व्यवस्था अच्छी है। यहाँ बिजली का ग्रिड लगा हुआ है और सम्पूर्ण टाउनशिप में आन्डरग्राउन्ड बिजली की फिटिंग है। कहीं भी किसी भी जगह पर बिजली के खुले तार दिखाई नहीं देते जिसमें बिजली से खतरा भी बहुत कम है।
***9. परिवहन*** :– सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप ए.बी. बाईपास रोड़ से लगा होने के कारण यहां 24 घंटे परिवहन की सुविधा उपलब्ध है।
***10. गैस*** :– सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में सभी कम्पनी की गैस सुविधा है जो घर पहुंच सेवा उपलब्ध करा रही है।

टाउनशिप में मनोरंजन के साधनों में क्लब हाउस है जिसमें जिम सेन्टर के साथ टेनिस हॉल, स्पोर्ट काम्प्लेक्स, जिमनेजियम, स्वीमिंग पूल, बेडमिन्टन हॉल, गार्डन भी है। टाउनशिप में नव वर्ष, रंगोली प्रतियोगिता, कृष्णा जन्मोत्सव, गणेश उत्सव, दुर्गा पूजा, दिवाली बड़े ही धूम–धाम से मनाया जाता है।

सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप नगर के शेष भागों की अपेक्षा शांत, सुरक्षित, हराभरा वातावरण, खुली जगह, कम भीड़–भाड़ वाला क्षेत्र है प्रायः सभी अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति यहीं हो जाती है। किराना, सब्जी, दूध, न्यूज पेपर, दवाईयां एटीएम सुविधा, मिलेनियम स्कूल ये सभी सुविधाएं टाउनशिप के अन्दर ही उपलब्ध है।

### *टाउनशिप में प्रमुख सुविधाएँ –*

सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में प्ले नर्सरी स्कूल, प्राथमिक स्कूल, माध्यमिक स्कूल है जो एक किलोमीटर पर उपलब्ध है। हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं महाविद्यालय लगभग छः किलोमीटर की दूरी पर महानगर में है। बैंक एटीएम, दवाखाना, क्लब हाउस टाउनशिप में है। पोस्ट ऑफिस एवं प्राइवेट डॉक्टर छः किलोमीटर, शॉपिंग मॉल दस किलोमीटर, बस स्टेण्ड एवं रेलवे स्टेशन बारह किलोमीटर है। हवाई अड्डा चौबीस किलोमीटर है। पेट्रोल पंप आठ किलोमीटर की दूरी पर उपलब्ध है। टाउनशिप तेजाजी पुलिस थाना क्षेत्र में आता है।

### *3.2 सिलीकॉन सिटी इन्दौर :–*

यह टाउनशिप का नाम सिलीकॉन सिटी है। टाउनशिप में परिवारों की संख्या 700 है और यहाँ कुल जनसंख्या लगभग 2500 है। सिलीकॉन सिटी 22038′ उत्तरी अक्षांश से 75050′ पूर्वी देशान्तर पर स्थित है। टाउनशिप का भौगोलिक क्षेत्रफल 70 एकड़ मे फैला हुआ है इसके उत्तर में निहालपुर मण्डी, दक्षिण में ए.बी. बाईपास रोड़ और दक्षिण पश्चिम में राऊ की सीमा लगी हुई है। टाउनशिप का निर्माण सन् 2000 में शुरू हुआ है। टाउनशिप में आवासीय भवन तथा मंदिर का निर्माण होना शेष है। टाउनशिप में कुल आवासीय मकानों की संख्या 1000 है जिसमें खाली आवासीय मकानों की संख्या 300 है। टाउनशिप में रहवासियों के चयन की खुली प्रक्रिया है। इस टाउनशिप का विकास मुख्यतः दो आधारों पर किया गया है। प्रथम कॉलोनाईजर द्वारा तथा द्वितीय बिल्डरों द्वारा। यहाँ लगभग 20 से अधिक बिल्डर हैं जो टाउनशिपों में नवीन आवासीय भवनों का निर्माण करके आवासीय परिवारों को बेच देते है। इस टाउनशिप में किसी जाति विशेष का कोई महत्व नहीं है और न ही समाज व धर्म का। यहां सभी जाति, धर्म के व्यक्ति निवास करते है। यहाँ सभी आवासीय परिवार उच्चस्तरीय जीवन शैली के लिए यहाँ आकर निवास कर सकते है।

भविष्य में टाउनशिप के विकास को ध्यान में रखकर बिल्डरों ने आवासीय भवनों को वास्तुकला के अनुरूप विकसित किया है। टाउनशिप बनाने का विचार टीनू संघवी द्वारा सन् 2000 में आया जिसका निर्माण अभी भी सत्त रूप से चल रहा है। इन्दौर शहर से आवासीय टाउनशिप के बीच आवागमन के लिए स्वयं के वाहनों, आटों रिक्शा आदि का उपयोग किया जाता है। टाउनशिप से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर ए.बी. रोड़ है, जो 60 मीटर चौड़ा सिमेन्टेड रोड़ आवासीय टाउनशिप एवं ए.बी. रोड़ को जोड़ती है।

यहाँ के आवासीय परिवारों को बाजार के लिए इन्दौर शहर, राजेन्द्र नगर, राउ आदि जगहों पर जाना पड़ता है लेकिन अनिवार्य आवश्यकता की वस्तुएँ जैसे किराना, दवाईयाँ, सब्जी, कपड़े, नाई की दुकाने आदि टाउनशिप में ही उपलब्ध है।

टाउनशिप के आस–पास का भू–भाग प्रायः समतल है, टाउनशिप में पूर्व से पश्चिम हल्का ढ़लान है। टाउनशिप के आसपास की जल संरचना में केवल दो किलोमीटर पर बिलावली तालाब है। बरसात के समय टाउनशिप में जल भराव की कोई समस्या नहीं है, क्योंकि पूर्व से पश्चिम में हल्का ढ़ालू भाग होने के कारण पानी आसानी से निकल जाता है। टाउनशिप में उद्यानों हेतु लगभग 10 प्रतिशत भू–भाग पर अलग–अलग गार्डनों का निर्माण किया गया है। टाउनशिप के आस–पास का क्षेत्र खुला हुआ है, जिससे आसपास कृषि भूमि लगी हुई है। इस कारण यहाँ प्रदूषण की कोई समस्या नहीं है, और आस–पास कोई औद्योगिक इकाईयाँ नहीं हैं जिससे भविष्य में प्रदूषण की कोई समस्या नहीं हो सकती। सम्पूर्ण टाउनशिप में पीने के पानी के लिए बोरिंग की व्यवस्था है जिसका भू–जल स्तर 200 फीट है। लेकिन गर्मी के समय यह 350 के आस–पास रहता है। टाउनशिप का विकास नया एवं उच्चस्तरीय विकास किया जा रहा है।

टाउनशिप में आवासीय संरचना मुख्य रूप से तीन प्रकार की है, जो निम्नलिखित है–

1. मल्टी स्टोरी आवासीय भवन
2. रो–हाउस भवन
3. स्वयं के मकान

### *1. मल्टी स्टोरी आवासीय भवन :–*

सिलीकॉन सिटी में आवासीय मल्टी स्टोरी भवनों की संख्या कुल 60 है और इन भवनों की ऊँचाई 6 मंजिला है इसमें 1 BHK, 2 BHK, 3 BHK, एवं 4 BHK के अलग–अलग फ्लैट उपलब्ध है। मल्टी स्टोरी में ऊपर जाने के लिए लिफ्ट एवं सिड़ियों का प्रयोग किया जाता है। भवन के नीचे किस फ्लैट में कौन रहता है, उसकी जानकारी की लिस्ट दी हुई है हर मल्टी स्टोरी भवन में एक सुरक्षा गार्ड तैनात है। हर मल्टी स्टोरी आवासीय भवन में बाऊड्रीवाल का निर्माण है तथा सभी मल्टी स्टोरी भवनों में कार पार्किंग के लिए वेसमेट पार्किंग की व्यवस्था है। मल्टी स्टोरी बनाने का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा एवं स्थान का अभाव है। एक मल्टी से दूसरी मल्टी के बीच खुली जगह होने से प्रकाश एवं हवा पर्याप्त मात्रा में अन्दर आती है।

### *2. रो–हाउस भवन :–*

टाउनशिप में रो–हाउस का निर्माण बिल्डरों द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 1 BHK, 2 BHK, का फ्लैट है। कहीं–कहीं एक मंजिला आवासीय भवन तो कहीं–कहीं दो मंजिला आवासीय भवन है। इसकी विशेषता यह होती है, कि एक क्रम में एक से अधिक एक जैसे अनेक मकान है, जिनका आकार एक जैसा है। आस–पास कोई खाली जगह नहीं होती आगे–पीछे खाली जगह होती है, जिसमें टू–व्हीलर एवं कार पार्किंग की व्यवस्था होती है। इनका विकास जगह अभाव एवं एक जैसे आवासीय मांग को ध्यान में रखकर किया गया है। यह एकांकी परिवार के लिए आरामदायक जगह होती है। इन भवनों की कीमत भी काफी कम है, जिसे मध्यम वर्गीय परिवार आसानी से खरीद सकता है।

### *3. स्वयं के मकान :–*

टाउनशिप मे व्यक्तिगत आवासीय मकान भी बने है जो पहले प्लाट खरीद कर स्वयं मकान बनवाते है, या बिल्डरों के द्वारा आवासीय भवन बनवायें जाते है। इसमें मकान मालिक अपनी आवश्यकतानुरूप मकान तैयार करवाते है। कहाँ बैड रूम, हाल, किचन, ड्राईग रूम, स्टडी रूम आदि को अपने एवं परिवार के उपयोग के अनुसार बनवाया जाता है।

उपरोक्त तीन प्रकार की आवासीय संरचनाएँ देखने को मिली है। सभी भवनों के बीच अभी भी काफी खुली जगह है तथा मकानों की बसाहट काफी विरल है। टाउनशिप मुख्यतः पूर्व प्लांनिग द्वारा तैयार की गयी है, जो उत्तर आधुनिक समाज के लिए अति आवश्यक है।

टाउनशिप का बसाव–स्थान ए.बी. रोड़ इन्दौर है। यह इन्दौर और राऊ के बीच में नवनिर्मित सिलीकान सिटी आवासीय टाउनशिप है। यहाँ इन्दौर 8 किलोमीटर और राऊ 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

### *टाउनशिप की विशेषताएँ निम्नलिखित है –*

1. हरियाली :– सिलीकॉन सिटी टाउनशिप में 10 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में हरियाली या उद्यान की उचित व्यवस्था की गयी है।
2. आन्तरिक सड़क :– टाउनशिप में आन्तरिक मुख्य सड़क 60 फीट चौड़ी है और अन्य सड़के 40 फीट चौड़ी हैं।
3. पानी :– टाउनशिप क्षेत्र में पीने के पानी के लिए बोरिंग की सुविधा है, यहाँ स्वयं के मकानों में भी बोरिंग है। अतः जल सम्बन्धी किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। एवं तृतीय चरण में नर्मदा का पानी आने की संभावना भी है।
4. शुद्ध वायु :– टाउनशिप के आस–पास कोई औद्योगिक केन्द्र नहीं होने के कारण यहाँ की वायु शुद्ध है। पूरे टाउनशिप के आस–पास का क्षेत्र खुला होने के कारण यहाँ प्रदूषण की समस्या नहीं है।
5. सुरक्षा :– टाउनशिप में बहुमंजिला भवनों में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था है। टाउनशिप के आस–पास सात फीट ऊँची बाउन्ड्रीवाल है। टाउनशिप के अन्दर जाने के लिए सात गेट हैं, जिनमें से प्रमुख गेट ए.बी. रोड़ की तरफ है।
6. संचार :– टाउनशिप में संचार सेवा सभी कम्पनी की है, लेकिन बीएसएनएल की ब्राडबेण्ड सेवा सम्पूर्ण टाउनशिप ऐरिया में उपलब्ध है।
7. पार्किंग :– टाउनशिप में पार्किंग की अच्छी व्यवस्था है। आवासीय भवनों के अन्दर एवं बाहर गाडियों की पार्किंग की जाती है। बहुमंजिला आवासीय भवनों में मल्टी के नीचे पार्किंग की जाती है।
8. बिजली :– टाउनशिप में बिजली की व्यवस्था अच्छी है। यहाँ बिजली का ग्रिड लगा हुआ है और सम्पूर्ण टाउनशिप में अन्डरग्राउण्ड बिजली की फिटिंग है। कहीं भी किसी भी जगह पर बिजली के खुले तार दिखाई नहीं देते, जिससें किसी प्रकार का खतरा होने की संभावना नहीं है।
9. परिवहन :– टाउनशिप ए.बी. रोड़ से लगा होने के कारण यहाँ 24 घंटे परिवहन की सुविधा उपलब्ध है।
10. गैस :– टाउनशिप में सभी कम्पनी की गैस सुविधा है, जो घर पहुँच सेवा उपलब्ध करा रही है।

टाउनशिप में मनोरंजन के साधनों में क्लब हाउस है जिसमें जिम सेन्टर के साथ टेनिस हॉल, स्पोर्ट काम्प्लेक्स, जिमनेशियम, स्वीमिंगपूल, बेडमिन्टन हॉल, गार्डन है। टाउनशिप में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रूप में नव वर्ष, रंगोली प्रतियोगिता, कृष्णा जन्मोत्सव, गणेश उत्सव, दुर्गा पूजा, दिवाली, होली आदि त्यौंहार बड़े ही धूम–धाम से मनाये जाते है।

टाउनशिप नगर के शेष भागों की अपेक्षा शांत, सुरक्षित, हराभरा वातावरण, खुली जगह, कम भीड़–भाड़ वाला क्षेत्र है। प्रायः सभी

अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति यहीं हो जाती है। किराना, सब्जी, दूध, न्यूज पेपर, दवाईयाँ एटीएम सुविधा, स्कूल आदि की सुविधाएँ टाउनशिप में ही उपलब्ध है।

*टाउनशिप में प्रमुख सुविधाएँ –*

टाउनशिप में प्ले नर्सरी स्कूल है। प्राथमिक स्कूल, माध्यमिक स्कूल एवं हाईस्कूल टाउनशिप के सामने 1.5 कि.मी. दूरी पर स्थित है। महाविद्यालय तीन किलोमीटर पर है और एचडीएफसी बैंक एटीएम टाउनशिप के अन्दर है। पोस्ट आफिस/मधुर कॉरियर सेवा राऊ में है। शॉपिंग मॉल के लिए इन्दौर महानगर जाना पड़ता है। डिस्पेंसरी (दवाखाना), प्राइवेट डॉक्टर, पुलिस थाना, होटल आदि की सुविधाएँ टाउनशिप में है। बस स्टेण्ड एवं रेलवे स्टेशन 10 कि.मी. दूरी पर है एवं हवाई अड्डा 15 किलोमीटर दूरी पर है। टाउनशिप से 1.5 किलोमीटर की दूरी पर पेट्रोल पंप की सुविधा है। यहाँ एल.पी.जी. गैस सुविधा हेतु घर पहुँच सेवा उपलब्ध है। टाउनशिप में मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है।

*3.3 आपोलो डी.बी. सिटी इन्दौर :–*

इस आवासीय टाउनशिप का नाम आपोलो डी.बी. सिटी इन्दौर है। टाउनशिप में आवासीय परिवारों की संख्या 200 है और टाउनशिप की कुल जनसंख्या लगभग 700 है। आपोलो डी.बी. सिटी 22°45′ उत्तरी आक्षांश से 77°55 पूर्वी देशान्तर पर स्थित है। टाउनशिप का भौगोलिक क्षेत्रफल 30 एकड़ में फैला हुआ है। इसके उत्तर में नेपानिया, दक्षिण में इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा विकासित कॉलोनी नम्बर 134 है। पश्चिम में महालक्ष्मी नगर और पूर्व में ए.बी. बाईपास रोड़ के मध्य में स्थित है। इस टाउनशिप का निर्माण कार्य 2009 से प्रारंभ हुआ है जो अभी भी सत्त रूप से चल रहा है। इसमें अभी दो बहुमंजिला आवासीय भवन बनना शेष है और शॉपिंग के लिए शॉपिंग मॉल बनना शेष है। टाउनशिप में वर्तमान में कुल आवासीय फ्लैट 900 है। जिसमें खाली फ्लैटों की संख्या 700 है।

आवासीय टाउनशिप में चयन का आधार खुला है। जिसमें इन्दौर महानगर एवं पूरे देश, विदेश के परिवार यहाँ आकर निवास कर सकते है। आवासीय टाउनशिप में पूरे परिवारों का जीवन स्तर पश्चिमी देशों जैसा है। टाउनशिप मे ऊपर जाने के लिए लिफ्ट एवं सिढ़ियों की व्यवस्था है, सुरक्षा व्यवस्था उच्चस्तरी है एवं हर जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगें है। टाउनशिप किसी भी जाति धर्म विशेष के लिए नहीं है, यहाँ सभी जातियों एवं आय वर्गों के व्यक्ति निवास कर सकते है। यहाँ किसी प्रकार का कोई जातिगत भेदभाव नहीं है।

आवासीय टाउनशिप के निर्माण में आवासीय भवनों में वास्तुकला का उपयोग किया गया है क्योंकि पूरी टाउनशिप बहुमंजिला आवासीय भवन है। जिसकी अधिकतम ऊँचाई 14 मंजिला है। टाउनशिप बनाने का उद्देश्य मानव की मूलभूत आवश्यकताओं में मकान सबसे महत्वपूर्ण है, जिसकों ध्यान में रखकर सुरक्षा, साफ–सफाई इन्दौर महानगर में आवासीय माँग के अनुरूप, आवासीय कमी को पूरा करने के उद्देश्य टाउनशिप बनाने का विचार आया है। आवासीय टाउनशिप निवेश क्षेत्र के अन्दर होने के कारण शहर से आवागमन का सम्बन्ध अच्छा है। इन्दौर शहर एवं आवासीय टाउनशिप के बीच आवागमन सिटी बस, आटो, स्वयं के वहनों से होता है। बाजार के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं की वस्तुएँ टाउनशिप में उपलब्ध हो जाती है और अधिक खरीदी के लिए शॉपिंग मॉल, मंगल सिटी मॉल, विजयनगर, राजबाड़ा आदि जगहों पर जाना पड़ता है।

टाउनशिप के आसपास का धरातल लगभग प्रायः समतल है। टाउनशिप के आस–पास विकास की काफी सम्भावनाएँ है। यह इन्दौर महानगर का सबसे विकसित क्षेत्र है जो कि नेपानिया क्षेत्र में आता है टाउनशिप में अन्डरग्राउण्ड नालियाँ हैं और आसपास पानी रूकने या ढहरने की कोई सम्भवना नहीं है। टाउनशिप के आसपास कोई विशेष बड़ी नदी तालाब या झील नहीं हैं यहाँ बरसात के समय पानी निकलने का उचित प्रबंधन किया गया है। सम्पूर्ण टाउनशिप में पानी की व्यवस्था के लिए 10 बोरिंग है पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। टाउनशिप में भू–जल स्तर 200 फीट में पर्याप्त पानी है और यहाँ 450 फीट तक बोरिंग है। तृतीय चरण में नर्मदा का पानी उपलब्ध हो सकता है, क्योंकि पाईप लाईन डालने का काम चालू हो चुका है। वर्तमान में टाउनशिप का विकास नया है एवं टाउनशिप के आसपास कोई औद्योगिक इकाई नहीं है, इसलिए यहाँ प्रदूषण की कोई संभावना नहीं है। टाउनशिप में दो बड़े गार्डन है, जिनका क्षेत्रफल 3 एकड़ है। क्षेत्र में गार्डन एवं खुली जगह पर्याप्त है।

*टाउनशिप में आवासीय संरचना मुख्यतः चार प्रकार की है।*

1.1 BHK के फ्लैट।

2.2 BHK के फ्लैट।

3.3 BHK के लक्जरी फ्लैट।

4.4 BHK के लक्जरी फ्लैट।

1. 1 BHK के फ्लैट :– यह आवासीय फ्लेट में एक बैड रूम एक हाल और एक किचन होता है।

2. 2 BHK के फ्लैट :– यह आवासीय फ्लेट में दो बैड रूम एक हाल और एक किचन होता है।

3. 3 BHK के लक्जरी फ्लैट :– यह आवासीय फ्लेट में तीन बैड रूम एक हाल और एक किचन होता है, जिसमें सम्पूर्ण अत्याधुनिक सुविधाएँ होती है।

4. 4 BHK के लक्जरी फ्लैट :– यह आवासीय फ्लेट में चार बैड रूम एक हाल और एक किचन होता है, जिसमें सम्पूर्ण अत्याधुनिक सुविधाएँ होती है।

इन सभी फ्लैटों के अलग–अलग कीमत है। जिसमें उच्च, मध्यम, निम्न वर्ग के परिवार के लिए उपलब्ध है। यहाँ सभी सुविधाएँ उच्चस्तरी है। जिसमें कमरों के अन्दर की व्यवस्था लाईट फिटिंग, टाईल्स, फर्नीचर, दीवार, छत, साफ–सफाई आदि।

आवासीय टाउनशिप की बसाहट में बहुमंजिला आवासीय है जिसकी ऊचाई 10 मंजिला है और 14 मंजिला भवन बनना शेष है। सम्पूर्ण टाउनशिप में बहुमंजिला आवासीय भवन है एक बहुमंजिला आवासीय भवन दूसरी बहुमंजिला आवासीय भवनों के बीच में खाली जगह है। जिसमें पर्याप्त प्रकाश की रोशनी, हवा आदि आसानी से मिलती है। एक बहुमंजिला आवासीय भवन से दूसरी बहुमंजिला आवासीय भवन में जाने के लिए अन्दर ही अन्दर कोई व्यवस्था नहीं है। हर बहुमंजिला आवासीय भवन अपने आप में स्वतन्त्र है। टाउनशिप के अन्दर सड़के सिमेन्टेड है और नालिया पक्की अन्डरग्राउण्ड है। मल्टी में ऊपर जाने के लिए सीढ़ी एवं लिफ्ट सुविधा 24 घटें उपलब्ध है।

### *टाउनशिप की विशेषताएँ –*

1. इन्दौर शहर से नजदीक होने के कारण यहाँ का वातावरण, परिवारिक माहौल, कम प्रदूषित जगह, नयी जगह, खुला क्षेत्र, विकसित क्षेत्र, शांत क्षेत्र सुकून, आराम, पर्याप्त जगह आदि टाउनशिप में उपलब्ध है।
2. टाउनशिप के आस–पास एक किलोमीटर दूरी के अन्दर स्कूलों की अच्छी व्यवस्था है।
3. कॉलेज भी तीन किलोमीटर के अन्तर में है। कोंचिग सेन्टर आदि सभी सुविधाएँ टाउनशिप के नजदीक उपलब्ध है।
4. स्वास्थ्य के लिए बाम्बे हास्पिटल की सुविधा एक किलोमीटर की दूरी पर उपलब्ध है जो व्यक्ति की अनिवार्य आवश्यकताएँ है वह टाउनशिप के पास में ही पूरी हो जाती है।

उपर्युक्त इन सभी मूलभूत विशेषताओं के कारण आपोलो डी.बी. सिटी का विकास नवनिर्मित टाउनशिपों में महत्वपूर्ण है। इन्दौर महानगर वर्षों से आवासीय समस्याओं से जूझ रहा है। जिसके समाधान आपोलो डी.बी. सिटी टाउनशिप जैसे बहुमंजिला आवासीय टाउनशिप पूरी करता है।

आपोलो डी.बी. सिटी में पार्किंग के लिए वेसमेट पार्किंग की व्यवस्था है और सम्पूर्ण टाउनशिप में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 250 सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरे, विडियो डोर फोन आदि की सुविधाएँ उपलब्ध है। टाउनशिप में 24 घंटे पर्याप्त बिजली की व्यवस्था है और आपातकालीन स्थिति में जनरेटर की व्यवस्था है। पूरी टाउनशिप में बिजली की फिटिंग अन्डरग्राउण्ड है। पेयजल की व्यवस्था में यहाँ बोरिंग का पानी उपलब्ध किया जाता है जिसको वाटर पियूरी फायर, साफ होकर फिर आवासीय परिवारों के घरों में उपलब्ध कराया जाता है। इन्दौर शहर से टाउनशिप तक परिवहन की व्यवस्था के लिए यहाँ के निवासियों के लिए स्वयं के वाहनों, आटों, सिटी बस आदि की सुविधा है। गैस के लिए सभी ऐजेन्सी यहाँ गैस सुविधा उपलब्ध करवाती है।

### *टाउनशिप नगर के शेष भागों से भिन्न है–*

टाउनशिप में सुरक्षा, शांति, खुला वातावरण, हरियाली की उच्च व्यवस्था है। यहाँ पर पूजापाठ हेतु मंदिर नहीं है जिसकी रहवासी की लगातार माँग कर रहे है।

### *सुविधाएँ*

आपोलो डी.बी. सिटी टाउनशिप में प्ले–नर्सरी स्कूल है। प्राथमिक स्कूल माध्यमिक स्कूल, एवं हाईस्कूल टाउनशिप से लगभग एक किलोमीटर की दूरी के अन्तर में है। महाविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षा के लिए लगभग पाँच किलोमीटर का सफर करना पड़ता है। बैंक एटीएम के लिए एक किलोमीटर की दूरी के अन्दर सभी बैंक एटीएम उपलब्ध है। पोस्ट आफिस, शॉपिंग मॉल, पुलिस थाना एवं डिस्पेंसरी (दवाखाना), सभी दो किलोमीटर की दूरी के अन्तर में उपलब्ध है। प्राइवेट डॉक्टर टाउनशिप में उपलब्ध है। बस स्टेण्ड एवं रेलवे स्टेशन दस किलोमीटर की दूरी में उपलब्ध है। हवाई अड्डा टाउनशिप से पन्द्रह किलोमीटर की दूरी पर है। होटल पेट्रोल पंप एवं एल.पी.जी. गैस एक किलोमीटर की दूरी के अन्दर उपलब्ध है। क्लब हाउस टाउनशिप में है।

### *4.0 संदर्भ सूची :–*

1.जोशी, रतन (2009): 'नगरीय भूगोल, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी जयपुर, प्लाट नं. 1, झालाना सांस्थानिक क्षेत्र, जयपुर।
2.राव, बी. पी. एवं शर्मा, नन्देश्वर (2008): 'नगरीय भूगोल, वसुन्धरा प्रकाशन 236, दाउदपुर, गोरखपुर।
3.पाण्डेय, राम कवल (1985): 'नगरीय समाजशास्त्र, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान (हिन्दी ग्रंथ अकादमी प्रभाग) राजर्षि पुरूषोत्तमदास टण्डन हिन्दी भवन महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ।
4.यादव, शिवनारायण (1997): 'अपना इन्दौर, लाभचंद प्रकाशन नईदुनिया परिसर, बाबू लालचन्द छजलानी मार्ग इन्दौर।
5.नगर पालिका निगम, इन्दौर 2014।
6.http://www.census2011.co.in/census/district/306-indore.html

# Publish Research Article
# International Level Multidisciplinary Research Journal
# For All Subjects

Dear Sir/Mam,

We invite unpublished Research Paper,Summary of Research Project,Theses,Books and Book Review for publication,you will be pleased to know that our journals are

## Associated and Indexed,India

- International Scientific Journal Consortium
- OPEN J-GATE

## Associated and Indexed,USA

- Google Scholar
- EBSCO
- DOAJ
- Index Copernicus
- Publication Index
- Academic Journal Database
- Contemporary Research Index
- Academic Paper Databse
- Digital Journals Database
- Current Index to Scholarly Journals
- Elite Scientific Journal Archive
- Directory Of Academic Resources
- Scholar Journal Index
- Recent Science Index
- Scientific Resources Database
- Directory Of Research Journal Indexing

Indian Streams Research Journal
258/34 Raviwar Peth Solapur-413005,Maharashtra
Contact-9595359435
E-Mail-ayisrj@yahoo.in/ayisrj2011@gmail.com
Website : www.isrj.org